।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।।

पत्रांक 3267 /12–1 गोपेश्वर, दिनांक मार्च 04, 2016।

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त,
पौड़ी, उत्तराखण्ड़।

विषय:– **जनपद चमोली में बगोली कोटी मोटर मार्ग, कोटी बैण्ड़ से घतोड़ा मोटर मार्ग एवं बगड़ीगाड़ धुराधारकोट मोटर मार्ग के स्थलीय निरीक्षण के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ:– **आपका पत्रांक 3261/12–1, दिनांक 01–02–2016 एवं 3277/12–1 दिनांक 02–02–2016 ।**

महोदय,

आपके उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में आप द्वारा बगोली–कोटी मोटर मार्ग, कोटी बैण्ड़ से घतोडा मोटर मार्ग एवं बगड़ीगाड़ धुराधारकोट मोटर मार्ग में बांज वृक्ष प्रभावित होने के कारण स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु लिखा गया एवं प्रभाग स्तर से तिथि निर्धारित कर आपको सूचित करने को निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में दिनांक 15–02–2016 की तिथि निर्धारित की गयी थी परन्तु उस तिथि को निरीक्षण नहीं हो सका। पुनः दिनांक 17 एवं 18 मार्च 2016 को उपरोक्त मोटर मार्गों के स्थलीय निरीक्षण की तिथि निर्धारित की जाती है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त तिथि पर विषयांकित प्रस्तावित वन मोटर मार्ग में पड़ने वाले बांज वृक्षों का अपनी सुविधानुसार निरीक्षण करने एवं उपरोक्त तिथियों को संयुक्त निरीक्षण न कर पाने की दशा में अपने स्तर से तिथि निर्धारित करने की कृपा करें।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांक 3267/ 12–1 दिनांकित।

प्रतिलिपिः– 1. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, कर्णप्रयाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, थराली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।